# छात्रावास के प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह लगा

## दुराचार के आरोपी की बेरोकटोक आवाजाही, छात्रावास अधीक्षक, वार्डन एवं चौकीदार को क्यों नहीं लगी भनक

नवभारत न्यूज

**खुरई 3 फरवरी. नगर के एक छात्रावास में 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा से चार माह तक आरोपी दुराचार करता रहता है, किसी भी जबावदार अधिकारी, कर्मचारी को इस संबंध में भनक तक नहीं लगती है यह किसी के गले नहीं उतर रही है.**

जानकारी के अनुसार चिकित्सीय जांच में वह गर्भवती है, सबसे बड़ा सवाल यह है कि छात्रावास के अंदर आरोपी आता जाता रहा और सभी बेखबर बने रहे, वह भी छात्रा को धमकाकर गलत कार्य करता रहा और सभी अनभिज्ञ बने रहे इसमें कहीं न कहीं किसी की सहभागिता है नहीं तो आरोपी इस तरह खुलेआम छात्रावास में प्रवेश नहीं कर पाता. बताया जाता है कि एक सब्जी बेचने वाला अल्ताफ नाम का लड़का




छात्रावास में सब्जी देने आया करता था छात्राएं उससे सब्जियां लेकर छात्रावास में रखती थी. अब सवाल यहां पर यह उत्पन्न होता है कि जब यह सब हो रहा था तो छात्रावास अधीक्षक ने क्या कभी सीसीटीवी कैमरे को चेक किया कि आखिर छात्रावास के अंदर चल क्या रहा है? ना ही उन्होंने इसका कभी प्रयास नहीं किया, इससे स्पष्ट होता है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज प्रतिदिन देखें नहीं जाते थे.

पीड़िता ने बताया कि अल्ताफ आता है और नाबालिग छात्रा से दुराचार कर सफलता से चला भी जाता है, इससे प्रतीत होता है कि छात्रावास की सुरक्षा में लापरवाही थी या फिर कोई छात्रावास का कर्मचारी अल्ताफ के साथ इस मामले में शामिल हैं नही तो जब छात्रावास में बिना अनुमति के प्रेस से जुड़े व्यक्तियों को नहीं जाने दिया जाता है तो फिर अल्ताफ लगातार 4 माह तक कैसे आता जाता रहा यह निष्पक्ष जांच का विषय है? दुराचार होने के बाद जब नाबालिग छात्रा के साथ उल्टियां, पेट दर्द, जी मिचलाने जैसी घटनाएं हो रही थी, तब छात्रावास के स्टाफ ने इसे गंभीरता से न लेते हुए यह क्यों कहा कि बाहर कुछ खाया होगा इसलिए ऐसा हो रहा है इसमें कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ नजर आ रहा है. शहर में कोई भी घटना या वारदात हो जाती है तो कुछ नासमझ लोग यह कहते देखे जाते हैं कि पुलिस कुछ नहीं कर रही है अब यह कौन समझाये कि जब छात्रावास के अधीक्षक से लेकर चौकीदार,वार्डन कुछ नहीं बता पा रहे हैं कि छात्रावास के अंदर अल्ताफ को कौन प्रवेश करवाता था, जनता का कहना है कि इस मामले में जो भी अधिकारी, कर्मचारी की मिली भगत या लापरवाही सामने आती है तो उस पर भी कठोर कार्यवाही होना चाहिए बच्ची किसी की भी हो मान, सम्मान और आबरु सभी की सुरक्षित रहना चाहिए,

### पुलिस अपना काम निष्पक्षता से करेगी

शहरी पुलिस थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह दांगी का कहना है कि पुलिस इस मामले में बिना दबाब के रहकर निष्पक्षता से जांच कर आरोपी की मदद करने वाले को भी नहीं बख्शेगी. चाहे वह किसी से भी जुड़ा क्यों न हो, बच्ची के साथ जो हुआ है निंदनीय और कष्ट दायक है, पुलिस सदैव जनता की सेवा में 24 घंटों मदद के लिए तैयार रहती है.

# शब-ए-बरात पर पूर्वजों का स्मरण किया

## शब-ए-बरात पर कब्रिस्तानों में फातेहा, मस्जिदों में रातभर चली खुदा की इबादत

नवभारत न्यूज

**सागर 3 फरवरी. रहमतों और मगफिरत की मुकद्दस रात शब-ए-बरात पूरे अकीदे और एहतराम के साथ मनाई गई. मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह की बारगाह में गुनाहों की माफी के लिए तौबा की और पूरी रात इबादत में गुजारी. शहर के कब्रिस्तान, मस्जिदें देर रात तक अकीदतमंदों से आबाद रहे.**

शब-ए-बरात पर लोग बुजुर्गों और परिजनों की कब्रों पर पहुंचे. अकीदतमंदों ने कब्रों पर फातेहा पढ़ी, दुआएं कीं और अल्लाह से अपने मरहूम रिश्तेदारों की मगफिरत की दुआ मांगी. कब्रों पर फूल और इत्र चढ़ाए गए, साथ ही अगरबत्ती और मोमबत्तियां भी जलाई गईं. इसके बाद लोग शहर की विभिन्न मस्जिदों में पहुंचे, जहां कुरान पाक की तिलावत, नफ्ल नमाज और विशेष दुआओं का सिलसिला रातभर चलता रहा.




शब-ए-बरात को देखते हुए मोतीनगर कब्रिस्तान में पहले से ही विशेष इंतजाम किए गए थे. मोतीनगर कब्रिस्तान तंजीम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान पप्पू पहलवान ने बताया कि अकीदतमंदों की सुविधा के लिए कब्रिस्तान में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराई गई थी. उन्होंने बताया कि कब्रों के आसपास उगी झाड़ियां हटाई गईं और पूरे परिसर में लाइटिंग की गई, जिससे रात के समय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो. व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमेटी के सदस्यों और स्वयंसेवकों की भी तैनाती की गई थी. सदर जामा मस्जिद मुफ्ती मोहम्मद जावेद रजा कादरी मिस्वाही ने बताया कि यह रात अल्लाह की खास रहमत की रात है, जिसमें बंदों को अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह की तरफ रुजू करने का मौका मिलता है, इस रात सच्चे दिल से दुआ करने वालों को अल्लाह अपनी रहमत से नवाजता है.

## एक नजर में



### भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह का स्वागत

**राहतगढ़.** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह का कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के नेतृत्व में नगर एवं ग्रामीण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सम्मान किया. श्री सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें.




### प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत स्पर्धा

**बंडा.** शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. छात्रों ने कागज से कंपास बनाना, कागज के पैकेट, रस्सी से पैरदान, तथा घर में पड़े खराब कपड़ों से थैला बनाकर दिखाया. प्राचार्य बी.डी. गौड़ ने कहा कि जहां तक हो सके प्लास्टिक का उपयोग ना करें तथा दूसरों को भी उपयोग ना करने के लिए प्रोत्साहित करें. इस अवसर पर रश्मि सोनी, वर्षा अहिरवार, अंशिका जैन ने बच्चों को घर की बेकार पड़ी. इस अवसर पर दिवाकर मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, शंकर शरण सोनी, नीरज रायकवार, नीलेश जैन, अखिलेश विश्वकर्मा आदि सभी शिक्षक उपस्थित थे.



### कॉन्वेंट स्कूल में कराते बेल्ट परीक्षा संपन्न

**सागर.** सेंट मेरी स्कूल गौर नगर मकरोनिया में कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू ने समस्त छात्रों को कराते बेल्ट परीक्षा की शुभकामनाएं दी. परीक्षा विद्यालय के कराते प्रशिक्षक सेन्सई रनविजय सिंह ठाकुर की देख-रेख में हुई. मुख्य अतिथि विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित एवं इंडियन नेशनल कोच शिहान जयदेव शर्मा, ललिता राठौर, कृष्णा चौहान शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह परीक्षा बच्चों में एकाग्रता, आत्मरक्षा कौशल व सम्मान को बढ़ाती है. कराते बेल्ट परीक्षा में विद्यालय के 67 छात्रों ने जूनियर येलो बेल्ट, जूनियर औरेंज बेल्ट, जूनियर ग्रीन बेल्ट की परीक्षा में भाग लिया.



### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**सागर.** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भाजपा नेता सुमित यादव के तहसीली स्थित निज निवास पर आगमन हुआ. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री पाटीदार ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया. भाजपा नेता सुमित यादव ने कहा कि जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे.

### जलकर के बिल वितरित करेगी निजी कंपनी

**सागर.** नगर निगम क्षेत्र में जलकर के बिल वितरण का कार्य टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है. नागरिकगण अपने जलकर के बिल की राशि नगर निगम कार्यालय में अथवा आनलाईन ई-नगर पालिका पोर्टल के द्वारा भी जमा कर सकते हैं.

# रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया



नवभारत न्यूज

**सागर 3 फरवरी.** रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव ने 2026-27 के रेल बजट में मप्र को सबसे बड़ा आवंटन 15,188 करोड़ रुपये दिया है.

बजट में स्वीकृत बंगाल से गुजरात नए रेल कॉरिडोर को वाया मध्य प्रदेश के मालवाहक क्षेत्र से जोड़ने के लिए डॉ. लता वानखेड़े ने मंत्री का आभार माना. सागर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 3-4 के निर्माण के बाद और नई ट्रेनों की संभावना पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.इस दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह मौजूद थे.

# थाने के समीप बैंक से किसान की राशि चोरी

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 3 फरवरी. पुलिस थाने के पास सेंट्रल बैंक से एक किसान के अज्ञात बदमाशों ने 40 हजार रुपए उड़ा दिए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भजिया निवासी परसोत्तम लोधी जो डेढ़ लाख रुपए निकालने आया था जो पैसे निकाल कर बैंक के अंदर से पैसों की गिनती करने लगा तभी पास में खड़े एक व्यक्ति ने 10-10 हजार रुपए की चार गडड्ी चोरी कर ली गई वारदात के चलते किसान घबरा गया था और दो दिन बाद किसान ने थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी.




पुलिस ने बैंक पहुंचकर सीसीटीवी में बदमाशों की खोजबीन की तो युवक का चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था. पुलिस ने कई स्थानों के लगे कैमरे के भी वीडियो फुटेज खंगाले गई मगर अभी तक युवकों की पहचान नहीं हुई है. बैंक के अंदर से पैसे गायब होने की बात से सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है.

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जो क्षेत्र की सबसे बड़ी शाखा है और यहां सुरक्षा गार्ड भी नहीं है कहीं ना कहीं बैंक अधिकारी की लापरवाहियों के कारण उपभोक्ताओं को ऐसी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. पीड़ित किसान परसोत्तम लोधी ने आरोप लगाया है कि बैंक के अंदर से पैसे चोरी हुई जो बैंक में पैसा निकालने आए थे जो डेढ़ लाख रुपए निकाले और पैसे निकालने के बाद बैंक के अंदर ही पैसे चैक करने लगा तभी बैंक के अंदर एक व्यक्ति मेरे पास आया और बोला की पैसों की गिनती कर ले इसके बाद मैंने पैसे गिने तो उसमें 40 हजार कम रुपए निकले इसकी शिकायत मैंने बैंक अधिकारी से की थी.

## एसडीओपी को पदोन्नति

**सागर.** एसडीओपी देवरी, शशिकांत सरयाम को उप सेनानी/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर पर पदोन्नत किया गया है. पुलिस महानिरीक्षक, हिमानी खन्ना द्वारा श्री सरयाम को अशोक अलंकरण पहनाकर सम्मानित किया गया. श्री सरयाम ने कहा कि उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जनहित के प्रति संवेदनशीलता उन्हें इस पदोन्नति का पूर्णत: पात्र बनाती है.

# अर्हम के अध्यक्ष दिनेश और सचिव सचिन बने

नवभारत न्यूज

**सागर 3 फरवरी. दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ. समारोह में मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन, अनुश्री जैन उपस्थित रही. मंगलाचरण श्रीमती श्रद्धा सचिन राजकमल ने किया. संचालन श्रीमती रचना अंशुल चंदेरिया, पीयूष, अमित ढाना ने किया.**

विधायक श्री जैन ने सामाजिक कार्य शव मुक्ति वाहन एवं कम दर पर एंबुलेंस जैसी सुविधाओं पर कार्य करने प्रोत्साहित किया. अध्यक्ष विनय अनीता जैन, विशिष्ट अतिथि प्रवीण वंदना सिंघई ने फैडरेशन द्वारा निर्धारित कार्यों में अर्हम ग्रुप द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला. आमंत्रित अतिथि एड. पी. सी. नायक द्वारा प्रोजेक्ट सहयोग सेतु पर विचार रखे. शपथ विधि अधिकारी प्रशांत प्रियांशी जैन ने सभी पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों को शपथ दिलाई . नई कार्यकारिणी में दीपक बहरिया,, अखिलेश राजश्री, आकाश सेठ, नीरज जैन, अध्यक्ष दिनेश सिंघई, सचिव सचिन राजकमल, कोषाध्यक्ष रोहित जैन, संयोजक नितिन जैन, अमित ढाना, उपाध्यक्ष सौरभ जैना सह-कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ हिनोद उपाध्यक्ष अमित जैन है.



## जनसुनवाई में आवेदनों पर कार्रवाई की गई

**सागर.** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 148 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती राजनंदनी शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे. कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई. आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई. जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया.

# रविदास जयंती पर सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 3 फरवरी. संत रविदास जयंती पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से परमपिता परमात्मा शिव का परिचय दिया गया.**

ब्रह्माकुमारी सुरभि बहिन ने आत्मा और परमपिता परमात्मा शिव का सत्य परिचय देते हुए कहा कि मैं कौन हूँ, ये मैं कहना वाला कौन हैं, शरीर या आत्मा. इस दौरान राजकुमारी रैदास, आरती, विनोद रैदास ने ब्रह्माकुमारी बहिनों का सम्मान किया गया. इस दौरान पार्षद सीता नंदकिशोर भारती, ब्रह्माकुमारी सुरभि बहिन, अभिलाषा बहिन, तारा बहिन मौजूद थीं.




# हिंदू-उर्दू काव्य महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सागर 3 फरवरी. देववाणी के तत्वावधान में ऐतिहासिक डिग्री कॉलेज के सभागार में हिंदी उर्दू काव्य महोत्सव 2026 आयोजित किया गया.**

जिसमें देश के विभिन्न शहरों से 100 से अधिक साहित्यकारों ने रचना पाठ में भाग लिया. कार्यक्रम में साहित्यकार, कवि शायर एवं कलाकारों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत देवी सिंह राजपूत ने सरस्वती वंदना से की.अध्यक्षता करते हुए ,अरुण दुबे ने बताया कि जब तक साहित्य सरिता बती रहेगी तब तक समाज नित् नवीन दिशाओं से परिचय होता रहेगा. जिस दिन साहित्य लिखना बंद हो जाएगा लोग सच्चे रास्ते से भटक जाएंगे. मुख्य अतिथि रिशांक तिवारी ने कहा कि इतिहास गवाह है, जब-जब राजनीति किसी गलत रास्ते पर चली है, तब-तब उस राज्य का अंत हुआ है. इस दौरान संस्थापक क्रांति जबलपुरी ने स्वागत भाषण दिया. इरफान झांसी ने देश भक्ति की रचना पड़ी. इस दौरान विवेक गुप्ता, विनोद नयन, रूही रानू, कीर्ति चौरसिया मौजूद थी.

## सफलता के मंत्र दिए

**बीना.** विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति जागरूक करने और सही दिशा दिखाने के उद्देश्य से एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्नौद एवं शासकीय उच्च विद्यालय आगासौद में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुरुदेव कॉलेज बीना के प्राचार्य उदयभान कुशवाहा उपस्थित रहे. श्री कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे किसी के दबाव में आए बिना, अपनी रुचि और दक्षता के आधार पर ही संकाय का चुनाव करें. प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किया मार्गदर्शन 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद महाविद्यालयीन शिक्षा और करियर के विभिन्न विकल्पों पर भी उन्होने चर्चा की.

# सुनार नर्मदा लिंक परियोजना का सर्वे पूर्ण

## रुई बाजार के न्यू मार्केट का लोकार्पण करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा, पत्रकारों के लिए एक दुकान आवंटित

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 3 फरवरी. रूई बाजार में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव द्वारा न्यू मार्केट का लोकार्पण किया गया. श्री भार्गव ने कहा सुनार नर्मदा लिंक परियोजना का भी सर्वे हो गया, अब नर्मदा जी को सुनार में मिलाकर ही अब यहां से जायेगे लोगों को अब वरभान नहीं जाना पड़ेगा यही स्नान हो जायेंगे.**

श्रीमती संगीता मनोज तिवारी द्वारा श्री भार्गव का शाल श्रीफल एवं श्रीगणेश की प्रतिमा भेट कर स्वागत किया गया. ज्ञात हो कि रूई बाजार में जो न्यू मार्केट का लोकार्पण किया गया है उसमें 46 दुकानें नीचे एवं इतनी ही दूसरी मंजिल पर सर्व सुविधा युक्त निर्मित की गई है. नवीन न्यू मार्केट में पत्रकारों की सुविधा हेतु उनकी मांग पर एक दुकान मय फर्नीचर के देने की घोषणा की. नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि यह न्यू मार्केट में निर्मित दुकानों की सरकारी कीमत दस लाख रुपए आकी गई थी जिसे गरीब को लेना स्वप्न था, मैने विधायक श्री भार्गव को सारी बातें बताई तो उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे दुकानदार कैसे दुकाने खरीदेंगे तो उन्होंने साढ़े चार लाख रुपए में सभी गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवंटित करने के निर्देश दिए.

श्री भार्गव ने कहा कि यहां के सभी लोग हमारे है,इस न्यू मार्केट की दुकान कि कीमत सरकारी की वास्तव में दस लाख रुपए है. छोटे छोटे दुकानदार पांच लाख रुपए तक में लेने के लिए तैयार थे लेकिन उनकी मंशा के अनुरूप भी मैने ओर भी कम राशि में दे दी लेकिन उन्होंने कहा कि सभी लोग पहले पूरी राशि जमा करे और तत्काल चाबी ले. उन्होंने कहा कि बस स्टेंड पर कुछ दुकानदारों ने किस्तों पर दुकानें ली वे वाकी रुपए जब भी नपा कर्मचारी मांगने जाते है तो उनसे झगड़ पड़ते है, इसलिए सभी लोगों से पूरी राशि जमा करने का आग्रह किया. कार्यक्रम में एसडीएम कुलदीप पाराशर, तहसीलदार महेश दुबे, महामंडलेश्वर महंत हरिदास जी, श्रीराम भार्गव, बसंत यादव,कुश भार्गव, डॉ हरीश चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल, सीएमओ धनंजय गुमास्ता आदि मौजूद थे.

**श्रीराम कथा** | रुद्राक्ष धाम में आयोजित कथा में भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि पहुंचे

# माता-पिता को संतुष्ट करने वाली संतानें संसार में दुर्लभ : प्रेमभूषण जी

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. माता-पिता को संतुष्ट करने वाले संतान संसार में दुर्लभ हैं. वह माता-पिता भाग्यशाली हैं जिनके पास आज्ञाकारी पुत्र और पुत्री हैं जो उनके मन के अनुसार चलते हैं. भगवान राम ने तो सिर्फ इतना ही सुना की पिताजी ने माता जी को दो वचन दिए हैं और चुपचाप अपने पिताजी के वचनों का पालन करने वन यात्रा पर निकल पड़े.**



यह उद्गार स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित कथा मंडप में प्रेमभूषण महाराज ने व्यक्त किए. उन्होने कहा कि मनुष्य अपने कर्म बिगाड़ करके ही जीवन में दुख कष्ट और बीमारी प्राप्त करता है. मनुष्य को खासकर अपने विवाह के बाद अपने कर्मों के प्रति सावधान जरूर हो जाना चाहिए, कर्म करने में लापरवाही का परिणाम भी सामने आता है. सीखने के लिए एक अवस्था होती है जीवन भर बार-बार गलती कर करके नहीं सीखा जा सकता है. महाराज श्री ने कहा कि जिसके पास जो होता है दूसरे को वही वस्तु दे सकता है. अपने कष्ट और दुख के लिए हम बेवजह भगवान को दोष लगाते हैं। भगवान किसी को दुख या कष्ट दे ही नहीं सकते हैं, क्योंकि उनके पास ना तो दुख है, ना कष्ट है. भगवान के पास कोई बीमारी भी नहीं है तो वह देंगे कहां से ? हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है. हमारे कर्म से ही हमारा प्रारब्ध बनता है. कोई भी व्यक्ति किसी और के भाग्य को बदल नहीं सकता है, क्योंकि उसका भाग्य तो उसके अपने ही कर्मों से बना होता है. कर्म का फल हर हाल में खाना होता है और सनातन धर्म विश्वास पर ही टिका है. श्रीराम कथा में मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह तथा उनके परिवार के साथ कथा श्रवण, रामायण जी व व्यास पीठ के आरती पूजन में महेन्द्र सिंह प्रदेश प्रभारी भाजपा, केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, संभागीय भाजपा प्रभारी गौरव रणदिवे, पूर्व केबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव, मालती राय महापौर भोपाल मौजूद थीं.


**कार्यालय ग्राम पंचायत झागरी जनपद पंचायत बंडा**

क्र. 25/2025-26, दिनांक 03/02/2026

**विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत झागरी जनपद पंचायत बंडा के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य पंचायत एवं मनरेगा योजना अंतर्गत हेतु भवन एवं अन्य निर्माण सामग्री सीमेंट, रेता, गिट्टी, लोहा, ईंट, टाईल्स, पत्थर आदि की आवश्यकता है। अत: सामग्री प्रदाय करने हेतु इच्छुक दुकानदार सामग्री की दरें प्रस्तुत करने हेतु अपनी निविदा दरे ग्राम पंचायत कार्यालय में 09/02/2026 तक बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। निविदा से संबंधित शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कर सकते है।

सचिव/ सरपंच
ग्राम पंचायत झागरी
पंचायत बंडा जिला सागर